NOVEMBER 2021
A JOURNAL OF POLITICS AND CULTURE

*The tyranny of Virat Kohli* p. 30 / *Unfair burdens on the farmer protests* p. 22

₹150

# THE CARAVAN



## पुस्तकें: सदाबहार हरित क्रांति

# "चरण सिंह की कृषि हितों की हिमायत आज भी कायम"

बिनीत प्रियरंजन

**प्रियरंजन अंग्रेजी के स्वतंत्र पत्रकार तथा गद्य और कविता के रचनात्मक युवा लेखक हैं। २०२० में बिनीत ने चौधरी चरण सिंह द्वारा अंग्रेजी में लिखित और प्रकाशित ६ प्रमुख पुस्तकों का अध्ययन किया, और प्रत्येक पुस्तक का सारांश चरण सिंह अभिलेखागार द्वारा प्रकाशित *'चरण सिंह: समरी ऑफ़ सिलेक्टेड वर्क्स'* में लिखा।**

अनुवादः सरबजीत कौर
अक्षर संयोजनः राम दास लाल

# पुस्तकें

# सदाबहार हरित क्रांति

ANINDITO MUKHERJEE / BLOOMBERG / GETTY IMAGES

Anindito Mukherjee / Bloomberg / city images

# चरण सिंह की कृषि हितों की हिमायत आज भी कायम

## कृषि

बिनीत प्रियरंजन

नए कृषि कानूनों के खिलाफ लगभग तीन सौ दिन पहले किसानों का आंदोलन शुरू होने के पश्चात प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 सितंबर को उत्तर प्रदेश में अपनी पहली रैली को संबोधित किया और छोटे किसानों के हितों के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। अलीगढ़ में राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखते हुए मोदी जी ने घोषणा की कि उनकी सरकार छोटे किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने जी अपनी सरकार की कृषि नीतियों के मार्गदर्शक के रूप में पूर्व प्रधान मंत्री चौधरी चरण सिंह का आह्वान किया। मोदी जी ने कहा, "हम जानते हैं कि दशकों पहले चौधरी चरण सिंह साहब द्वारा दिखाए गए रास्ते से मजदूरों और छोटे किसानों को कितना लाभ हुआ है। उन सुधारों के कारण आज कई पीढ़ियां एक सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। यह बहुत आवश्यक है कि सरकार उन छोटे किसानों के साथ खड़ी हो, जिनके बारे में चौधरी साहब अत्यंत चिंतित रहते थे।"

भाषण विभिन्न कारणों से दिलचस्प था। सबसे पहले, चरण सिंह के पोते, राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मोदी सरकार के नए कृषि कानूनों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दूसरा, भारतीय जन संघ – मोदी की भारतीय जनता पार्टी की अग्रदूत – ने किसानों के हितों पर सिंह की सोच का ठीक उसी तरह से जवाब दिया जो भाजपा वर्तमान में रालोद सहित किसान आंदोलन के नेतृत्व के खिलाफ लगाती रही है – रालोद छोटे किसानों का नहीं, अमीर और जमींदार किसानों के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। तीसरा, यह सत्तारूढ़ दल की अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए प्रमुख ऐतिहासिक शख्सियतों को उपयुक्त बनाने की क्षमता को प्रदर्शित करता है, क्योंकि नए कृषि कानूनों में सिंह के कृषि विचारों के साथ बहुत कम समानता है। भारत के एकमात्र किसान प्रधान मंत्री और उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे, सिंह, भाजपा द्वारा इस तरह चतुराई के साथ उपयुक्त किए जाने वाले नवीनतम राजनीतिक दिग्गज हैं – उदाहरण में सरदार वल्लभभाई पटेल और बाबा भीमराव अंबेडकर शामिल हैं, जिन का भारत के लिये दृष्टिकोण हिंदुत्व कार्यावली से भिन्न था। ऐसा मूलतः इन व्यक्तियों की ऐतिहासिक और बौद्धिक विरासत के बारे में सार्वजनिक ज्ञान की कमी के कारण संभव हुआ है।

आजादी से पहले और बाद चार दशकों के लंबे सार्वजनिक जीवन में, पहले कांग्रेस के साथ और फिर उसके खिलाफ, सिंह एक कट्टर गांधीवादी रहे। उन्होंने यांत्रिक उत्पादन पर कृषि की प्रधानता की वकालत करते हुए गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित भारत के विकास के लिए एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की। सिंह की सोच गांधी की स्वतंत्र भारत के लिए पसंदीदा रणनीति का प्रतीक हैं और जिन स्थितियों के खिलाफ सिंह ने तर्क दिया वे जवाहरलाल नेहरू की रणनीति का प्रतीक थीं। जबकि

**पिछला पृष्ठः** चरण सिंह का एक भित्ति चित्र। आजादी से पहले और बाद के दशकों के सार्वजनिक जीवन में सिंह कट्टर गांधीवादी बने रहे, पहले कांग्रेस के साथ और फिर विरोध में।

**दाएंः** गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित चरण सिंह ने भारत के विकास की एक विस्तृत रूपरेखा तैयार की जिसमें उद्योग पर कृषि की प्रधानता और यांत्रिक निर्भर उत्पादन पर रोजगार की वकालत थी।

**विलोम पृष्ठः** जवाहरलाल नेहरू और मोहन दास गांधी। स्वतंत्र भारत के लिए चरण सिंह की सोच गांधी की पसंदीदा रणनीति का प्रतीक थी, तथा जिस सोच के विरोध में सिंह ने तर्क सामने रखे वह नेहरू के प्रतीक थी।



COURTESY CHARAN SINGH ARCHIVES

नेहरू उद्योग के प्रति आसक्त थे और इसे रोजगार का प्रमुख स्रोत मानते थे, गांधी ने भारत की कल्पना गांवों के संग्रह के रूप में की जिसमें कृषि प्रमुख व्यवसाय था। 1948 में गांधी की हत्या के बाद एक 'नेहरूवादी सर्वसम्मति' प्रबल हुई, और शुरुआत से सिंह इस प्रकार के विकास के कट्टर आलोचकों में से एक बन गए। इस स्तिथि ने उन्हें लोकप्रियता के चरम पर नेहरू, इंदिरा गांधी और कांग्रेस तीनों के साथ सीधे संघर्ष में ला दिया।

सिंह की किताबें भूमि सुधार के मामले सहित नेहरूवादी विकास रणनीति का इतिहास बताती हैं, जो तब और आज भी सभी उत्तर–औपनिवेशिक अर्थव्यवस्थाओं का सामना करने वाले केंद्रीय प्रश्नों में से एक है। वे उन तंत्रों को स्पष्ट करते हैं जिनके कारण नेहरूवादी दृष्टिकोण की व्यवस्थित विफलता हुई है, जिसमें बड़े पैमाने पर बेरोजगारी, पर्यावरणीय गिरावट, आय और धन की असमानताएं और स्वदेशी पूंजी निर्माण का संकट शामिल है। वे भारतीय अर्थव्यवस्था के एक गाँधीवादी विकल्प को आगे बढ़ाते हैं।

सिंह ने अपने कार्यकाल में सात किताबें लिखीं, सब अंग्रेजी में। इन सभी के माध्यम से उन्होंने अपने विचारों में एक निरंतरता बनाए रखी और कई महाद्वीपों, सदियों और वैचारिक संरचनाओं से साक्ष्य जुटाने की क्षमता का प्रदर्शन किया। ग्रामीण भारत और किसान को प्राथमिकता देने का उनका दृष्टिकोण उन्हें अद्वितीय बनाता है। इस परिप्रेक्ष्य के एक प्रतिनिधि के रूप में, सिंह ग्रामीण भारत के एक 'जैविक बुद्धिजीवी' हैं – एक इतनी दुर्लभ विशिष्टता कि राजनीतिक सिद्धांतकार एंटोनियो ग्राम्स्की, जिन्होंने इस शब्द को गढ़ा, ने सिंह की पृष्ठभूमि के व्यक्ति के लिए इसे असंभव समझा।

चरण सिंह के जीवन और लेखन को एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। उनकी पहली पुस्तक, *"आबॉलिशन ऑफ जमींदारी"* 1947 (*जमींदारी उन्मूलन – दो विकल्प*) से आखिरी *"लैंड रिफॉर्म्स इन उत्तर प्रदेश एंड द कुलकस"* 1981 (*उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार और कुलक वर्ग*) तक उनकी राजनीति और उनकी विषय–वस्तु का अटूट संबंध था।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और कांग्रेस से दशकों पुराने जुड़ाव के परिणाम स्वरूप चरण सिंह ने *जमींदारी उन्मूलन* 1947 में प्रकाशित करी। पुस्तक मुख्य रूप से छोटे स्वजोत किसानों की स्थिति में सुधार लाने के लिये लिखी थी जो जमींदारी व्यवस्था के तहत औपनिवेशिक शोषण से तबाह हो गए थे। लंबे ठहराव की अवधि के बाद, जिस समय भारत ने स्वतंत्रता प्राप्त की, कृषि उत्पादन में गिरावट आई। 1937 के चुनावों से पहले कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में "देश की सबसे महत्वपूर्ण और जरूरी समस्या" के रूप में "किसानों की भयावह गरीबी, बेरोजगारी और ऋणग्रस्तता" का हवाला दिया गया था। 1947 तक, कांग्रेस कार्य समिति के घोषणा पत्र ने "भूमि व्यवस्था में एक तत्काल सुधार करने का आह्वान किया, जिसमें किसानों और राज्य के बीच मध्यस्थों यानी जमींदारों और तालुकदारों का उन्मूलन शामिल था।"

उत्तर प्रदेश राज्य की जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार समिति के सदस्य के रूप में सिंह को उत्तर प्रदेश में जमींदारी को खत्म करने, तथा एक विकल्प तैयार करने का कार्य सौंपा गया।

सिंह के लिए, भारतीय अर्थव्यवस्था को कृषि से उद्योग तक और अंत में, सेवाओं के लिए व्यवस्थित रूप से परिपक्व होना होगा।

उनकी पुस्तक का विश्लेषण करने वाले दो विकल्पों में से पहला है भूमि का राष्ट्रीयकरण और कृषि का सामूहिकीकरण। दूसरा एक विकेन्द्रीकृत विकल्प है जो गांधी की अभ्युक्ति कि किसी भी जमीन जोतने वाले को जमीन उपलब्धी पर आधारित है, साथ ही बटाईदार कृषक उसके केंद्र में है। पूर्व विकल्प सोवियत संघ और साम्यवादी चीन की उपज था, और सिंह ने गांधीवादी विकल्प के अपने नेतृत्व को 'ज्वार के खिलाफ तैरने' के प्रयास के रूप में वर्णित किया।

स्वतंत्र सरकार की दूसरी पंचवर्षीय योजना के तहत कृषि के सामूहिककरण की सिफारिश के रूप में परिणित होने के बावजूद, ज्वार का बढ़ना जारी रहा। सिंह ने जोरदार विरोध किया। 1959 में मामला तूल पकड़ गया, जब अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने नागपुर प्रस्ताव पारित किया, जिसने 'सहकारी खेती' को अपनाया। नेहरू ने सिफारिश के पक्ष में प्रभारी का नेतृत्व किया था, और सिंह उन कुछ नेताओं में से थे जिन्होंने इसका खुला विरोध किया था। *जमींदारी उन्मूलन* के तर्कों के आधार पर सहकारी खेती पर उनका आक्रमण प्रभावशाली था, परन्तु कांग्रेस कमेटी को स्वीकृत नहीं था।

सिंह ने चीन और सोवियत संघ में सहकारी खेती के भयावह परिणामों का पहले से ही अनुमान लगा लिया था – दोनों देशों का नेहरू ने दौरा किया और उनके चौंकाने वाले आर्थिक विकास की प्रशंसा की। उन देशों में सहकारी खेती का गायब होना उस आपदा की याद दिलाना चाहिए जिसे सिंह ने भारतीय परिदृश्य में टालने में मदद की। सामूहिकीकरण पर सरकार का जोर तीसरी पंचवर्षीय योजना के अंत तक कम हो गया, क्योंकि परिणामों में यह उम्मीदों के अनुरूप नहीं था और स्वयं किसानों ने इसका विरोध किया। इस कदम के खिलाफ सिंह द्वारा अधिकांश बौद्धिक तर्क प्रदान किए गए थे, हालांकि आमतौर पर इसके बारे में सबको पता नहीं है।

सिंह ने 1959 में प्रकाशित "*जॉइंट फार्मिंग एक्सरेड*" ("*संयुक्त खेती का मूल्यांकनः समस्या और उसका समाधान*") के तर्कों को अतिरिक्त आंकड़ों के साथ 1964 में भारत की गरीबी और उसका समाधान विस्तार के साथ पुनः कथन प्रकाशित किया। इसमें भारत के जनसांख्यिकी, जलवायु, विचारधाराओं और पूंजी के कारक बंदोबस्ती से उत्पन्न एक 'समाधान' का प्रस्तावित चित्रण शामिल था। सिंह के शैक्षणिक जीवन के दौरान यह चित्रण अपने मूल सिद्धांतों में अपरिवर्तित रहा। इसके पांच मुख्य सिद्धांत थे – धन का अधिकतम उत्पादन, रोजगार का प्रावधान, धन और आय का समान वितरण और लोकतंत्र को बढ़ावा देना।

"*इंडिअस पावर्टी एंड इट्स सलूशन*" (*भारत की गरीबी और उसका समाधान*) और उनकी अगली पुस्तक के बीच के चौदह वर्षों में भारत ने दो युद्ध लड़े और एक के बाद एक खाद्य संकट का सामना किया जिसने कृषि उत्पादन, बेरोजगारी और विदेशी सहायता पर निर्भरता की समस्याओं को भारतीय अर्थव्यवस्था की केंद्रीय चिंताओं में बदल दिया। इस अवधि में इंदिरा गांधी की सत्तावादी नीतियों को भी देखा गया, जो 1975 में घोषित आपातकाल के प्रतीक थे। 1977 में जनता पार्टी ने, जिसमें सिंह का भारतीय लोक दल शामिल था, इंदिरा गांधी को पराजित किया। सिंह का भारतीय लोक दल जनता पार्टी का प्रमुख चुनावी आधार बना।

पहली गैर–कांग्रेसी केंद्र सरकार में गृह मंत्री के रूप में चरण सिंह ने 1978 में "*इंडियाज इकनोमिक पालिसी – ए गांधीयन ब्लूप्रिंट*" (*भारत की आर्थिक नीतिः एक गांधीवादी रूपरेखा*) लिखी। इसमें उन्होंने आजादी के बाद से देश द्वारा अपनाई गई आर्थिक नीतियों को पूरी तरह से उलटने की वकालत करने के अपने कारणों का सारांश दिया। उन्होंने इस पुस्तक का अनुसरण एक विकेंद्रीकृत आर्थिक प्रणाली के 'ब्लूप्रिंट' के साथ किया, जहां भारी उद्योग "कृषि और हस्तशिल्प या ग्रामीण उद्योगों के आधार के साथ एक आर्थिक संरचना का शीर्ष" बनाते हैं, पूंजी–गहन तकनीकों के विपरीत तथा श्रम–गहन प्रौद्योगिकियों द्वारा समर्थित।

1978 के इस 'ब्लूप्रिंट' और उनकी अंतिम पुस्तक के बीच 1981 में सिंह ने "*इकनोमिक नाईटमेयर ऑफ इंडिया – इट्स कॉज एंड क्योर*" (*भारत की भयावह आर्थिक स्थिति*) प्रकाशित की। उनके राजनीतिक जीवन के



DAVE DAVIS / WIKIMEDIA COMMONS

अंतिम पड़ाव पर और 1980 में उनके प्रधान मंत्री के संक्षिप्त कार्यकाल के बाद प्रकाशित हुई। (वह पहले प्रधानमंत्री थे जिन्होंने संसद का सामना किए बिना इस्तीफा दे दिया।) इस पुस्तक का शीर्षक निराशा के स्वर में अन्य पुस्तकों में एकमात्र है। इसका कारण प्रस्तावना में स्पष्ट हो जाता है, जहां सिंह इटली राजनेता ग्यूसेप मैजिनी को उद्धृत करते हैं: "मरने से पहले मैं एक और इटली देखना चाहता हूं, तीन सौ साल की कब्र से उभरता हुआ इटली, मेरी आत्मा और जीवन का आदर्श। जिसे मैं आज अपनी आंखों के सामने से गुजरते देखता हूं एक मजाक है, इटली का प्रेत है।"

भारतीय संदर्भ में, ये शब्द सिंह के आकलन को दर्शाते हैं स्वतंत्रता के तीन दशक बाद के "नियति के साथ प्रयास" के बारे में नेहरू ने औपनिवेशिकवाद के बाद के भारत की कल्पना की थी, और इस परिवर्तन को प्रभावित करने के लिए इसके नेतृत्व ने जिन तरीकों को चुना था। जनता पार्टी की सरकार के पतन और इंदिरा गांधी के फिर से चुनाव के साथ अपने गांधीवादी खाका को लागू करने का सिंह का आखिरी मौका चला गया था। *भारत की भयावह आर्थिक स्थिति* देश की आर्थिक समृद्धि के लिए एक नुस्खे का प्रतिनिधित्व करता है, जो तथ्यों, आंकड़ों, इतिहास और व्यक्तिगत अनुभवों की एक श्रृंखला द्वारा समर्थित है। सिंह का अंतिम कार्य, "*लैंड रिफॉर्म्स इन उत्तर प्रदेश एंड द कुलकस*" (*उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार और कुलक वर्ग*) उनकी मृत्यु से दो साल पहले 1985 में प्रकाशित हुआ था, और यह भारत की आर्थिक योजना में कोई दूरंदेशी अंतर्दृष्टि प्रदान नहीं करता। इसे उनकी राजनीतिक और बौद्धिक विरासत की रक्षा के रूप में देखा जा सकता है, जो उनके सार्वजनिक में लगाए गए आरोपों के खिलाफ हैं।

**गांधियन रूपरेखा** के विभिन्न घटक एक दुसरे के अभिन्न अंग हैं जिन्हें अलग अलग दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता है। फलस्वरूप, गांधी और सिंह के लिए भारत की आर्थिक योजना को इसके भूगोल, जनसांख्यिकी, दर्शन और सामाजिक–राजनीतिक बंदोबस्ती से अलग नहीं किया जा सकता था। इनमें भूमि, श्रम, पूंजी और प्रौद्योगिकी की स्थितियां शामिल हैं, जो परंपरागत रूप से उत्पादन के कारक कहे जाते हैं, और जो पश्चिमी देशों और सोवियत संघ की तुलना में भारत से बहुत अलग थे।

सिंह की स्वाधीन भारत के अपनाये आर्थिक विकास के पथ की आजीवन आलोचना और उनकी गढ़ी गांधीवादी रूपरेखा दोनों का मौलिक विश्वास था कि भारत के विकास को मूल रूप से भारतीय उत्पादन कारकों को प्रतिबिंबित करना था। इतना ही नहीं, भारत ने एक लोकतांत्रिक राजनीतिक संरचना को चुना था जो उस समय के उत्तर–औपनिवेशिक अर्थव्यवस्थाओं के बीच अद्वितीय थी,

**नीचे:** गोविंग बल्लभ पंत का मंत्रिमंडल (१९४६) चरण सिंह दायें से तीसरे स्थान पर। सिंह जमींदारी उन्मूलन के मुख्य वास्तुकार बने, जब वे पंडित पंत के तहत राजस्व मंत्री थे।

COURTESY CHARAN SINGH ARCHIVES

और जो नियमित रूप से तानाशाही के आगे झुकी जा रहीं थी, चाहे वह कम्युनिस्ट हो या नव–उपनिवेशवादी। इस माहौल का नतीजा यह बना कि भारत के सामने कार्य बहुत कठिन था, और पूर्व ज्ञान की आपूर्ति थी।

सिंह के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था को कृषि से उद्योग तक और अंत में सेवाओं के लिए व्यवस्थित रूप से परिपक्व होना होगा। इन बदलावों को एक अद्वितीय ढांचे पर आधारित होना था, न की ऐसी विधियों के द्वारा जिन्हें पश्चिमी सभ्यता ने दो सौ साल पूर्व प्रयोग किया था और आज भारत को उपलब्ध नहीं था। उन्होंने अपनी कई पुस्तकों में इसके बारे में लिखा – *भारत की भयावह आर्थिक स्थिति* सहित, जहां उन्होंने तर्क दिया कि भारी उद्योग पर नेहरू का जोर, "सोवियत संघ का अनुकरण करने की कोशिश में अपनाई गई पहली शुरुआत" कृषि उत्पादन पर पूंजी प्रधान उद्योगों को प्राथमिकता देने का "मूल पाप" का कारण बना था।

इस विकल्प के खिलाफ सिंह का बौद्धिक तर्क भारतीय ग्रामीण इलाकों की आर्थिक स्थितियों और प्रेरक कारकों से उत्पन्न होता है। विकास की रणनीति के मतभेदों के बावजूद उस समय भारत में आर्थिक रणनीति की प्रकृति, आत्मनिर्भरता, साम्राज्यवादी पूंजी का त्याग, समानता के साथ विकास और भूमि सुधार के बारे में एक व्यापक सामाजिक सहमति मौजूद थी। इस आम सहमति को गांधी और नेहरू द्वारा इन मोर्चों पर सहमत होने का प्रतीक बनाया गया था, भले ही इसके लिए उनके दृष्टिकोण घोर विरोधी थे।

सिंह भारतीय संविधान में निहित किसी भी योजना रणनीति के प्रदर्शन को निर्धारित करने के लिए मापदंड निर्धारित करते हैं: धन के उत्पादन को अधिकतम करना या गरीबी उन्मूलन, पूर्ण रोजगार का प्रावधान, धन का समान पुनर्वितरण और एक लोकतांत्रिक जीवन शैली को बढ़ावा देना। चूंकि अधिकांश गरीब और बेरोजगार गांवों में रहते थे, और भारत अभी भी निश्चित रूप से एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था था, सिंह ने देश की विशिष्ट परिस्थितियों और लक्ष्यों के आधार पर तीन स्पष्ट जरूरतों को देखा – कृषि की उद्योग पर प्राथमिकता, रोजगार की मशीनरी पर और गांवों की शहरों पर।

इसके अलावा, सिंह की पुस्तकों का तर्क है भारत के जनसंख्या घनत्व को देखते हुए, यहां धन उत्पादन को अधिकतम करने के लिए सीमित कारक प्रति यूनिट भूमि कृषि उत्पादकता थी, न कि प्रति यूनिट श्रम। पश्चातकथित भारी मशीनरी पर आधारित कृषि प्रणालियों के लिए मुख्य संगठनात्मक सिद्धांत है, चाहे बड़े पूंजीवादी खेतों में या समुदाय में, जहां भूमि भरपूर है लेकिन श्रम दुर्लभ। भारत में स्थितियां विपरीत थीं। इसलिए, भारतीय परिस्थितियों के लिए केवल एक विधि जो गहन खेती के लिए भूमि के उपयोग को अधिकतम करती है, एक बड़ी आबादी को प्रदान करने के साथ–साथ कृषि अधिशेष भी बना सकती है जिसने कृषि अर्थव्यवस्थाओं में पूंजी निर्माण का आधार बनाया। सिंह *भारत की गरीबी और उसका समाधान* में घोषणा करते हैं कि, "जबकि सर्वथा सिद्धांत में, खेत का आकार, अपने आप में, प्रति एकड़ उत्पादन को प्रभावित नहीं करता था, वास्तविक व्यवहार में ... समान संसाधन सुविधाओं, मिट्टी की सामग्री और जलवायु को देखते हुए एक छोटा भूमि जोत एक एकड़ में बड़े भूमि जोत से अधिक उत्पन्न करता है किसी भी तरह संगठित हो, सहकारी रूप से, सामूहिक रूप से या पूंजीवादी आधार पर विकास।"

जैसा कि किसान–अध्ययन के लंदन–स्तिथ विद्वान टेरेंस जे. बायर्स लिखते हैं, सिंह ने इस उलटे रिश्ते के बारे में इस महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि को अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन द्वारा प्रसिद्ध किए जाने से बहुत पहले व्यक्त किया और "भारतीय अर्थशास्त्रियों के बीच एक लंबी, व्यापक और निरंतर बहस को जन्म दिया।" इसने न केवल सहकारी खेती के खिलाफ सिद्धांत रूप में सिंह के तर्क का आधार बनाया, बल्कि कार्ल मार्क्स की इस भविष्यवाणी का भी खंडन किया कि "पूंजीवादी" किसान एक बर्बाद वर्ग है, जो सहकारी किसान द्वारा मशीनीकृत खेत में शामिल होने के लिए बाध्य है। इन कठिन आर्थिक प्रथम सिद्धांतों के अलावा, सिंह ने राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक, वैचारिक और नैतिक दौर के आधार पर कृषि और भारतीय परिस्थितियों पर लागू होने पर मार्क्सवादी सिद्धांतों पर असहमति जताई।

फिर भी, उत्तर–औपनिवेशिक, शहरी, पश्चिमी–शिक्षित बुद्धिजीवियों के दिमाग में मार्क्सवादी विचारधारा हावी थी। यह माना जाता था कि कृषि का सामूहिककरण और भूमि सुधार स्वचालित रूप से बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्थाओं को खोल देंगे और सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पूंजी आवंटन के बिना कृषि उत्पादन में वृद्धि करेंगे। यह नेहरू की शुरुआत और दूसरी पंचवर्षीय योजना के "समाज के समाजवादी प्रतिरूप" के पीछे कृषि दृष्टि थी। इसने भारत को एक समतावादी विकास पथ पर ले जाया जिसने मौजूदा पूंजीवादी–सर्वहारा वर्ग के विभाजन को शर्मसार कर दिया, जिसमें उद्योग ने अपने नागरिकों की शिक्षा और स्वास्थ्य की कीमत पर अधिशेष पूंजी का उपभोग किया, और शहरी महानगरों के पक्ष में ग्रामीण इलाकों का शोषण जारी रखा।

उद्योग फले–फूले बड़े शहरों में और मशीनरी का इस्तेमाल किया जो कृषि श्रमिकों को रोजगार देने में असमर्थ साबित हुआ। शहरी उद्योगों द्वारा पैदा किये गए सीमित रोजगारों ने औद्योगिक और गैर–औद्योगिक नौकरियों के मूल्य के बीच इतनी असमानता पैदा कर दी – सिंह भारत की भयावह आर्थिक स्थिति में लिखते हैं, "औद्योगिक क्षेत्रों में एक झाड़ू देने वाले को प्रति माह 400 रुपये का भुगतान किया जाता था, जबकि एक विश्वविद्यालय के शिक्षक को प्रति माह 650 रुपये का भुगतान किया जाता था।" शिक्षा और स्वास्थ्य कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों का अधिकार बना रहा। 1962 और 1972 के बीच, सिंह लिखते हैं, "भारत का 20 प्रतिशत जो शहरी है, केंद्र में सभी कैबिनेट मंत्रियों के आधे से थोड़ा अधिक योगदान देता है, जबकि कृषकों का योगदान लगभग 17% रहा।" इसी तरह, अधिकांश नागरिक–सेवा संवर्ग शहरी, वेतनभोगी मध्यम वर्ग से थे, जबकि खेतिहर मजदूरों को इसमें बहुत न के बराबर प्रतिनिधित्व मिला। बेहतर जीवन के सपने लेके शहरों में कुछ थोड़ी–बहुत नौकरियों के लिए ग्रामीण इलाकों से मजदूर पलायन कर गए, केवल झुग्गी–झोपड़ियों में रहने के लिए जहां वे गरीब बेसहारा और कमजोर बने रहे। सिंह की आलोचना, प्रवासी संकट से फिर से प्रासंगिक हो गई, जो 2020 में COVID–19 महामारी के दौरान उजागर हुई, आज भी उतनी ही सटीक है जितनी जब उन्होंने इसे लिखा था।

भारत के सकल घरेलू उत्पाद और मानव विकास सूचकांक के बीच की विशाल खाई के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है, लेकिन व्यवस्थित रूप से खाड़ी का उत्पादन करने वाली संरचनात्मक स्थितियों को अक्सर ठीक से नहीं बताया गया है। सिंह का काम "दोहरी अर्थव्यवस्था" के संदर्भ में इन स्थितियों की व्याख्या करता है, "गरीबी, बेरोजगारी और ठहराव के भीतरी इलाकों में समृद्धि के छोटे–छोटे परिक्षेत्रों" के साथ, जहां, "एक तरफ, दसियों हजारों विलासिता में हैं बिना जाने अपने अप्रत्याशित तथा अनुचित लाभ का क्या करें (और) दूसरी ओर, लाखों लोग रोटी के एक टुकड़े के लिए भूखे मरते हैं।" यह,

बदले में, "प्रौद्योगिकी और भारी उद्योग के जुड़वां देवताओं में एक रहस्यवादी विश्वास" का परिणाम था जिसका देश इतने लंबे समय से पीछा कर रहा था।

परिणामस्वरूप सिंह भारत की कृषि प्राथमिकताओं को उलटने का तर्क देते हैं। स्वतंत्र तथा स्वजोत कृषकों पर केंद्रित, सिंह की मूल योजना एक मौलिक रूप से अलग अवधारणा से उपजी है कि कैसे भूमि–स्वामित्व के प्रतिरूप राष्ट्रीय हित के साथ–साथ कृषि राष्ट्र की सार्वजनिक सेवा है। उनके अनुसार, किसानों ने भूमि पर काम करने में एक सेवा का प्रदर्शन किया, क्योंकि उद्योग कृषि द्वारा उत्पादित भोजन और कच्चे माल के बिना जीवित नहीं रह सकता था, और कृषि उत्पादन देश की आवश्यकताओं की सूची में किसी से पीछे नहीं थी। इसके अतिरिक्त, कृषि से सेवा क्षेत्र तक जैविक संक्रमण के लिए कृषि अधिशेष एक आवश्यक शर्त थी और इसी तरह आर्थिक विकास के लिए भी एक आवश्यक पूर्वापेक्षा थी। इसलिए, भूमि के इष्टतम वितरण को सुनिश्चित करने के अलावा, भारत की काम करने वाली मानव पूंजी को बढ़ाने के लिए और लाखों बेकार या बेरोजगार बैठे लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए तकनीकी नवाचारों के लिए प्रयास करना पड़ा। मानव खपत से अधिक अधिशेष पूंजी का निर्माण करता है, जो फिर बेहतर उपकरणों के साथ पैदावार में सुधार, सिंचाई, बीज आदि के साथ–साथ पशुपालन प्रोत्साहन और किसान के स्वास्थय में लगाया जाता है। कृषि से जुड़े छोटे और कुटीर उद्योगों का विकास किसानों को अधिक उत्पादक रोजगार में ले जाएगा, जबकि प्रौद्योगिकी में नवाचार करने की प्रवृत्ति उभर कर सामने आएगी क्योंकि खेतों में श्रम इतना महंगा हो जायेगा कि मशीन में निवेश करना उतना ही आसान होगा जितना कि उसी काम को करने के लिए आवश्यक श्रम की मात्रा को नियोजित करना। ग्रामीण इलाकों के शिल्पकार और कारीगर फलेंगे–फूलेंगे, अपने गाँव और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए पर्याप्त उत्पादन करेंगे और अपने अधिशेष का विपण न करने के लिए सेवा और विपणन सहकारी समितियाँ रखेंगे। इस तरह, लोगों को कृषि से दूसरे उद्योगों की ओर मोड़ा जा सकता था, बिना विदेशी पूंजी का मोहताज बने।

सिंह गांधी की सभी मशीनरी को हटा देने की लोकप्रिय आदिमवादी अवधारणा का विरोध करते हैं। वह गांधी से सीधे उद्धरण देते हैं: "इस युग में, बिजली और इस्पात आर्थिक विकास की कुंजी हैं, चाहे वह बड़े पैमाने पर संचालन के क्षेत्र में हो, या कुटीर उद्योग के क्षेत्र में हो।" वह भारत की *आर्थिक नीति* में भी लिखते हैं, "यदि कृषि को यंत्रीकृत किया जाना है, तो जैसा कि गाँधी ने बताया, इसे मशीनीकृत किया जाना चाहिए, ऐसी मशीनों के साथ जो मानव प्रयास को पूरक करती हैं और इसे प्रतिस्थापित करने के बजाय इसके बोझ को कम या हल्का करती हैं– कृषि मशीनरी की जापानी शैली।"

**सिंह के सोच तथा पुस्तकों की प्रासंगिकता** वर्तमान परिस्थितियों में स्पष्ट है। भले ही भारत के पर्यावरण और नैतिक पतन की सामान्य गांधीवादी आलोचना, राज्य के बढ़ते प्रचंड और बड़े पूँजीपतोयों के निजी निगमों और सरकार के बीच एक सहजीवी संबंध को बहुत सामान्य माना जाता था, सिंह के लेखन कृषि क्षेत्र की प्रगति के लिए उपयोगी तर्कों का खुलासा करते हैं। साथ ही उनके लेखन में भारत के राजनीतिक भविष्य और उसमें किसानों के स्थान के बारे में भविष्यवाणियां देखी जा सकती हैं।

> सिंह ने स्वयं अपने राजनीतिक और बौद्धिक जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि उत्तरप्रदेश – भारत का सबसे बड़ा तथा कृषि प्रधान राज्य – में जमींदारी का उन्मूलन माना।

सिंह की रचनाएँ इस बात पर जोर देती हैं कि स्वतंत्र किसान भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं, और किसानों का चल रहा विरोध इस संदेश की फिर याद दिलाता है। 1977 के चुनावों में इंदिरा गांधी के सत्तावादी शासन को चरमराने वाले मतदाताओं का यही वर्ग वर्तमान सरकार के लिए कुछ अन्य सबक भी देते हैं।

सिंह ने खुद को भारत के सबसे बड़े कृषि प्रधान राज्य, उत्तर प्रदेश में जमींदारी के उन्मूलन के लिए अपने राजनीतिक और बौद्धिक जीवन की सबसे बड़ी राजनीतिक उपलब्धि माना। सिंह गोविन्द वल्लभ पंत के मंत्रीमंडल में राजस्व मंत्री के रूप में जमींदारी उन्मूलन के मुख्य वास्तुकार थे। जो ढांचा सिंह ने तैयार किया, और विस्तृत रूप में जमींदारी का उन्मूलन में प्रस्तुत किया, बाद में कई अन्य राज्यों द्वारा अपनाया गया। इस पुस्तक में सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि भूमि जोत का उपखंड और उसके बाद की अलामकर छोटी जोत एक गंभीर संरचनात्मक समस्या थी, और उपायों की सिफारिश की।

सिंह के लेखन का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है ग्रामीण और कृषि हितों की निरंतर वकालत, शहरी और औद्योगिक हितों की तुलना में। उनका काम इस पूर्वाग्रह को उजागर करता है "भेदभाव जो (सरकार) स्वास्थ्य, आवास, परिवहन, बिजली, और सबसे ऊपर, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपलब्ध शिक्षा जैसी सामाजिक सुविधाओं के प्रावधान में करती है – शहर और गांव में मानवीय कारक में निवेश में भेदभाव।"

शहरों और देहात के बीच की कई खाड़ियों में से सिंह विशेष रूप से शिक्षा के बारे में बताते हैं। वह सोचते हैं कि शिक्षा आर्थिक विकास की पूर्व शर्त है, उसका प्रभाव नहीं। गांवों में साक्षरता दर शहरों की तुलना में काफी पीछे है, इसके अतिरिक्त दोनों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में अंतर से हम सब अवगत हैं। शहरी पश्चिमीकृत पुरुष और महिला मौलिक रूप से आम जनता के जीवन की वास्तविकताओं से बंधे हुए, ग्रामीण समकक्षों पर लगभग हर क्षेत्रों में हावी हैं– विधान मंडल, नौकरशाही, मीडिया, शिक्षा, निगम और तकनीकी संस्थान।

सिंह का तर्क है कि यह स्थिति सरकार की कल्याणकारी नीतियों में कल्पना की कमी में है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के लिए, और यहां तक कि सुविचारित नीतियों का खराब कार्यान्वयन भी। उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि शहरी मूल्यों और शहरी नेतृत्व ने मुख्य रूप से ग्रामीण मूल्यों पर आधारित राष्ट्र की विकासात्मक कल्पना पर नियंत्रण कर लिया है, एक ऐसा ग्रामीण राष्ट्र जो दिल्ली के मानसिक परिदृश्य से बहुत दूर है। यह आरोप इस सरकार के खिलाफ मान्य है, जिसने बार–बार इस बात पर जोर दिया कि लाखों किसानों को उनके अपने सर्वोत्तम हितों के बारे में "गुमराह" किया जा रहा है। यह मुख्यधारा के मीडिया में संपादकीयों पर भी लागू होता है जो स्वर और कभी सामग्री में भी किसानों को सरल–दिमाग का मानते हैं, जिनको दिखाने की जरूरत है कि कौन सी नीतियां उनके सर्वोत्तम हित में हैं। यह माना जाता है कि वर्तमान सरकार के तरीके उसके पूर्ववर्तियों की तुलना में

कहीं अधिक निर्मम हैं, लेकिन कृषि के लिए उसका समग्र दृष्टिकोण, पत्रकार पी साईनाथ के एक वाक्यांश अनुसार, "स्टेरॉइड्स पर कांग्रेस" है। यह ग्रामीण और शहरी भारत के बीच, खेतों और निगमों के बीच संरचनात्मक असमानता के बड़े संकट को दूर करने के लिए कुछ नहीं करता है।

**चरण सिंह के काम पर प्रतिक्रिया** विशेष रूप से उनका सहकारी खेती का विरोध, स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कैसे नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व पंथ और मार्क्सवादी विचारधारा विशेषज्ञता और अनुभव पर आधारित ठोस विचारों पर हावी रही। राजनीति वैज्ञानिक पॉल ब्रास ने लिखा है कि "सिंह को भारत के 'आधुनिकीकरण' के एक कट्टर विरोधी" और किसानों के एक ऐसे वर्ग के प्रतिनिधि के रूप में देखा गया था जो "दिल्ली के योजनाकारों और बुद्धि जीवियों के लिए वास्तविकता नहीं अमूर्त हैं। वे पिछड़ेपन, बंधी हुई परंपरा और असावधानता का प्रतिनिधित्व करते हैं और ऐसे लोगों को दृष्टि से दूर रखा जाना चाहिए जबकि देश का 'आधुनिकीकरण' हो रहा हो।"

फिर भी, जिन विषयों के माध्यम से सिंह के कार्यों की आम तौर पर आलोचना की गई है, वे स्वयं जानकारीपूर्ण हैं। उन्होंने 1979 में वित्त मंत्री के रूप में *भारत की आर्थिक नीति* के विचारों पर केंद्रित बजट पेश किया, जिसे 'कुलक' बजट के रूप में वर्णित किया गया, जिसे सिंह ने अपनी राजनीतिक विरासत के विपरीत तथा बुद्धजीवियों की वैचारिक गलतफहमी समझा। उनकी अंतिम प्रकाशित पुस्तक *उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार* और *कुलक वर्ग* 'कुलक' आरोप से अपनी विरासत की रक्षा के लिए सटीक रूप से लिखा गयी थी। पुस्तक में सिंह ने एक "कुलक" को "बेईमान ग्रामीण व्यापारी" के रूप में परिभाषित किया, जो अपने श्रम से नहीं बल्कि किसी और के माध्यम से – सूदखोरी के माध्यम से, एक बिचौलिए के रूप में काम करके अमीर हुआ।" 1930 के दशक तक 'कुलक' शब्द सामान्य रूप से अमीर किसानों का वर्णन करने में उपयुक्त हुआ। रूसी लेखक अलेक्जेंडर सोल्झेनित्सिन के शब्दों में सोवियत संघ की सरकार ने इसका विस्तृत उपयोग किया, "किसानों की ताकत को नष्ट करने के लिए" "दुश्मन का साथी" कहकर।

सिंह के सबसे उपजाऊ राजनीतिक क्षेत्र – पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश – चल रहे विरोध प्रदर्शनों में सक्रिय हैं। प्रदर्शनकारियों को "अमीर किसानों" के रूप में चित्रित किया जा रहा है, जिनकी एक वर्ग के रूप में चिंताएं सीमांत किसानों और भूमिहीन मजदूरों के विशाल बहुमत से दूर हैं। यही आलोचना सिंह के वैचारिक सिद्धांत के खिलाफ भी की गई थी, क्योंकि वह उत्तर प्रदेश में एक काश्तकार पृष्ठभूमि से आए थे, और जमींदारी के उन्मूलन से उन "मध्यम और अमीर किसानों" को सबसे ज्यादा फायदा हुआ, जिनके पास खुद के जोत के तहत जमीन थी। यह पुस्तक "अमीर, मध्यम और गरीब किसानों" के रूप में किसानों के जातिकरण का भंडाफोड़ करती है और दर्शाती है कि वर्तमान में ग्रामीण किसानों और शहरी निवासियों के बीच आय असमानता के साथ, यह कहना छल होगा कि कि कोई अमीर किसान हैं – जबकि सच्चाई यह है के किसान अधिकतर ग़रीब हैं – केवल काम या अधिक। यह पुस्तक दर्शाती है जमींदारी व्यवस्था के उन्मूलन ने छोटे और भूमिहीन किसानों को भी कई लाभ मिले, जिससे उन्हें ऊपर उठाने में मदद मिली।

सिंह के कार्यों में कुछ कमियां हैं। उदाहरण के लिए जिसे वे "किसान" कहते हैं एक ऐसा वर्ग है जिस का विश्लेषण भारत में प्रचलित जाति और वर्ग संबंधों के बिना नहीं किया जा सकता। उनकी रचनाएँ भी कभी–कभी एक पवित्र स्वर लेती हैं, और *उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार और कुलक वर्ग* इसका एक उदाहरण है। उनकी किताबों और राजनीति की अंतर्संबंधित प्रकृति से हटकर, उनकी कांग्रेस से अलग होने के बाद लिखी पुस्तकों में उनके राजनीतिक जीवन के गुटीय और कभी–कभी अवसरवादी उदाहरणों को नहीं दिखाया गया है। इसके अलावा, गांधीवादी रूपरेखा की प्रभावशीलता होने के सबूत का बोझ अभी पूरा नहीं हुआ है क्योंकि इस रूपरेखा को कभी लागू नहीं किया गया। यह कहने के बावजूद, सिंह के बौद्धिक विरासत में छात्रवृत्ति की भारी कमी है। चरण सिंह के निधन के तीन दशकों से अधिक के बाद वर्तमान परिदृश्य एक उपयुक्त क्षण का प्रतिनिधित्व करता है जब उनकी खींची भारत की तस्वीर का निष्पक्ष रूप से पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

**नीचेः** नरेंद्र मोदी चरण सिंह की जयंती पर लोक सभा के कक्ष में उनकी तस्वीर को नमन करते हुए। भाजपा द्वारा विनियोजित किए जाने वाले सिंह नवीनतम राजनीतिक दिग्गज हैं।